उत्तर प्रदेश पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
GSTIN-09AACU8823E1Z9

Office of the Executive Engineer,
Electricity Transmission Division,
132 KV Sub-Station, Kunera,
ETAWAH - 206001.
Mob No. 08874204705

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत पारेषण खण्ड,
132 के0वी0 उप–संस्थान, कुनैरा
इटावा–206001.
E-mail: eeetdetawa@upptcl.org
E-mail: eeetdetawa@gmail.com

पत्रांकः 1171 /वि0पा0ख0(इ)/ टी0पी0/टी0–1 दिनांकः04/09/2021

विषयः निविदा प्रकाशन हेतु।

विज्ञापन व्यवस्थापक,
दैनिक वॉयस आफ लखनऊ, इटावा ।
विराज प्रकाशन प्रा0लि0,लखनऊ।

विज्ञापन व्यवस्थापक
पंजाब केसरी
दिल्ली।

महोदय,

कृपया संलग्नक विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में दिनांक शीघ्रतम अंक में कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8–10 टाइप में तथा अंग्रेजी के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइन्ट टाइप में) समाचार पत्र के केवल एक कालम में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हेडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाइन में रनिंग मेंटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

1. निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर ही करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामिग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्त रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण बाउचर प्रतियॉं संलग्न करते हुए भुगतान हेतु अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मंड़ल–द्वितीय, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, पनकी, कानपुर को/ अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/ भुगतान सम्भव न होगा।
3. संलग्न हिन्दी भाषा का विज्ञापन सामग्री अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाये।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही अधिकतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दें अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।
5. यदि आपको सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हों तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें, अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
6. विज्ञापन के अन्त में सबसे छोटे टाइप से (राष्ट्रहित में बिजली बचायें) का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रेषित करें।
7. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किए गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/ निरस्त किया जा सकता हैं।

संलग्नः– विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति।

भवदीय

o/c अधिशासी अभियन्ता

पत्रांकः 1171 /वि0पा0ख0(इ)/ टी0पी0/टी0–1 दिनांकः 04/09/2021

प्रतिलिपि विज्ञापन सामग्री सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1 अनुसचिव, जनसम्पर्क, उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2 अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल–द्वितीय, पनकी, कानपुर।
3 कोपालिपिक, खण्ड कार्यालय/सम्बन्धित निविदा पत्रावली/कट फाइल।

o/c अधिशासी अभियन्ता

उत्तर प्रदेश पावर ट्रॉंसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड

ई–निविदा सूचना

निम्नलिखित ई–निविदा जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है ई–निविदा की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गई है:

1. अति अल्पकालीन खुली ई–निविदा संख्या टी0–09/ 2021–22, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 132के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, दिबियापुर पर स्विचयार्ड मे अर्थमेट डालने इत्यादि का कार्य ।
2. खुली ई–निविदा संख्या टी0–10/ 2021–22, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 220के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, सैफई पर ई0एफ0यू0, नैनी, प्रयागराज से सब स्टेशन स्ट्रक्चर की ढुलाई इत्यादि का कार्य ।
3. खुली ई–निविदा संख्या टी0–11/ 2021–22, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 132के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, जसवन्तनगर पर फायर एक्टींगुइसर के भराई इत्यादि का कार्य ।
4. खुली ई–निविदा संख्या टी0–12/ 2021–22, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 220के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, भरथना पर घास कटाई एवं साफ–सफाई इत्यादि का कार्य ।

उपरोक्त विषय में विस्तृत विवरण साईट पर उपलब्ध है सभी सक्षम आपूर्ति/कार्यदायी संस्थाएं तद्नुसार निविदा में भाग ले सकती है।

अधिशासी अभियन्ता

विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

पत्रांक: 1171 /वि0पा0ख0(इ)/टी0पी0/टी0–1 दिनांक: 04/09/2021